मंगलवार 22 अगस्त, 2023
# केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण
आपकी आवाज


जेपी गंगा पथ ग्रीन बेल्ट के रूप में होगा विकसित : मुख्यमंत्री
2



## लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में बोले सीएम योगी
# बीमारू राज्य यूपी आज तेजी से हो रहा विकसित



- मुख्यमंत्री सूक्ष्म उद्यमी दुर्घटना बीमा योजना का सीएम योगी आदित्यनाथ ने किया शुभारंभ
- देश के अंदर सर्वाधिक निवेश करने वाले प्रदेश के साथ सबसे अधिक घरेलू पर्यटकों को आकर्षित करने राज्य बना यूपी

**एजेंसी/लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा है कि छह वर्ष पहले तक यह बीमारू प्रदेश माना जाता था। कोई यूपी आना नहीं चाहता था। यूपी का नाम सुनकर लोगों में भय पैदा होता था, लेकिन अब परिदृश्य बदल गया है। आरबीआई व नीति आयोग की हालिया रिपोर्ट बताती है कि यूपी देश के अंदर सर्वाधिक निवेश करने वाले प्रदेश के साथ ही सबसे अधिक घरेलू पर्यटकों को आकर्षित करने व बैंकों से सबसे अधिक उद्योगों को धनराशि देने वाला प्रदेश बन गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को लोकभवन, लखनऊ में विश्व उद्यमिता दिवस के अवसर पर सूक्ष्म उद्यम इकाइयों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने हेतु 'मुख्यमंत्री सूक्ष्म उद्यमी दुर्घटना बीमा योजना' के शुभारंभ के मौके पर बोल रहे थे। आरबीआई व नीति आयोग की हालिया रिपोर्ट का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि पिछले एक सप्ताह के भीतर आई रिपोर्ट पढ़कर उन लोगों की आंखें खुलनी चाहिए, जो कहते हैं कि यूपी में क्या बदला है। उन्हें बताइए कि सुरक्षा की गारंटी देने वाला यूपी निवेश के सबसे बड़े गंतव्य के रूप में उभरता हुआ पहला राज्य है। बैंकों की सेवाओं को बेहतर तरीके से उद्यमियों तक पहुंचाने वाला अग्रणी व सर्वाधिक पर्यटकों को आकर्षित करने वाला राज्य यूपी ही है। हमने बीमारू राज्य से उभारकर यूपी को विकसित राज्य की ओर अग्रसर कर दिया। अलग-अलग सेक्टरों में यूपी सरकार ने व्यवस्थित रूप से कार्य प्रारंभ किया तो परिणाम सामने है।

### अमित शाह की मौजूदगी में केशव प्रसाद ने अलीगढ़ को कहा हरिगढ़

उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह को श्रद्धांजलि देने के लिए सोमवार को अलीगढ़ में भाजपा की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें गृहमंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य भी मंच पर मौजूद थे। केशव प्रसाद मौर्य ने मंच से जनता को संबोधित करते हुये जय श्रीराम का नारा लगाया। केशव प्रसाद ने अलीगढ़ को अपने संबोधन में हरिगढ़ कहा। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि हरिगढ़ वालों बोलो जय श्रीराम। उन्होंने कहा कि अयोध्या में बाबूजी का सपना अब पूरा हो रहा है। जब डिप्टी सीएम यह बातें कह रहे थे। उस दौरान गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री भी उनकी बात को सुन रहे थे। इस अवसर पर देश के गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि समाज में पिछड़ों के लिए सबसे पहले काम शुरू करने वाले कल्याण सिंह को मैं श्रद्धांजलि अर्पित करने आया हूं। अमित शाह ने कहा कि वह वो वक्त था जब अयोध्या में राम भक्तों का सैलाब उमड़ा था। उस दौरान कल्याण सिंह पर कार्य सेवकों को रोकने के लिए गोलियां चलाने के आदेश देने का दबाव बनाया गया, लेकिन बाबूजी ने सख्त निर्णय लेते हुए कहा मैं मुख्यमंत्री पद से त्याग दे दूंगा, लेकिन गोली चलाने के आदेश नहीं दूंगा। गृहमंत्री ने कहा कल्याण सिंह के अंदर गरीबों और पिछड़ों के लिए बहुत ही अधिक संवेदना थी।

# पुलवामा में आतंकियों के साथ मुठभेड़ में एक जवान को लगी गोली

- लैरो परिगाम इलाके में रविवार रात दो बजे शुरू हुई मुठभेड़
- दो आतंकियों के छिपे होने की मिली थी सूचना

**एजेंसी/जम्मू**



पुलवामा में आतंकियों के साथ हुई मुठभेड़ में एक जवान को गोली लगने की खबर आ रही है। कश्मीर के पुलवामा जिले के लैरो परिगाम इलाके में रविवार रात दो बजे शुरू हुई इस मुठभेड़ में दो हथियारबंद आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिली थी। इसके बाद भारतीय सेना, सीआरपीएफ और जम्मू–कश्मीर पुलिस ने आतंकियों को घेर लिया। कश्मीर पुलिस ने भी मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए जानकारी दी है। सुरक्षाबलों से घिरता देख आतंकियों ने पहले ग्रेनेड फेंका और फिर गोलियों की बौछार कर दी। सुरक्षाबलों ने भी जवाबी कार्रवाई की। इस दौरान आसपास के सभी घरों को सुरक्षात्मक लिहाज से खाली करा लिया गया। मुठभेड़ के बीच खबर आ रही है कि सुरक्षाबलों के घेरे को आतंकी तोड़ने में सफल रहे और वह मुठभेड़ स्थल से फरार हो गए हैं। हालांकि सुरक्षाबल अभी भी कार्रवाई में लगे हुए हैं।

गौरतलब है कि त्राल, शोपियां और कुलगाम से घिरा पुलवामा सबसे ज्यादा आतंकी वाले जिलों में से एक है। यह वही जिला है जिसमें फरवरी 2019 का आत्मघाती वीबीआईडी हमला हुआ था। इस हमले में सीआरपीएफ के 40 जवान मारे गए थे। इसके बाद फिर भारत ने पाकिस्तान में घुस कर बालाकोट में आतंकी कैंप उड़ाए थे।

### सप्ताह में दूसरी मुठभेड़

कश्मीर घाटी में आतंकी घटनाओं में तेजी से कमी आई है। पहले करीबन हर दिन ही होने वाली आतंकी मुठभेड़ अब सप्ताह में सिमट गई है। कश्मीर में दो सप्ताह में यह दूसरी मुठभेड़ है। इस से पहले पांच अगस्त को राजौरी में हुई एक मुठभेड़ में एक आतंकी मारा गया था। इसके एक दिन पहले कुलगाम मुठभेड़ में तीन जवान शहीद हुए थे।

# पीएम मोदी बोले... देश में लगातार बढ़ रहे रोजगार के नए अवसर

- मध्य प्रदेश में आयोजित रोजगार मेला कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 5580 शिक्षकों को वर्चुअली बांटे नियुक्ति पत्र

**एजेंसी/भोपाल**



मध्य प्रदेश में आयोजित रोजगार मेला कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअली 5580 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र बांटे। उन्होंने वीडियो संदेश के जरिए संबोधित किया और कहा, राष्ट्रीय चरित्र की भूमिका देश के विकास के लिए बेहद अहम है। सभी साथियों को शुभकामनाएं देते हुए, उन्होंने कहा, एनईपी का बहुत बड़ा योगदान है। पीएम मोदी ने अपने वीडियो संदेश में कहा कि लोगों का सरकार पर भरोसा बढ़ा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, नीति आयोग की रिपोर्ट में सामने आया है कि मात्र पांच साल के अंदर साढ़े तेरह करोड़ भारतीय गरीबी रेखा से पार पा चुके हैं। एक और रिपोर्ट आईटीआर के आंकड़ों के अनुसार 9 साल में औसत आय 2014 में जो 4 लाख रुपये थी, वो 2023 में 13 लाख तक पहुंच गई है। इसके साथ पीएम मोदी ने कहा, ये आंकड़े उत्साह को बढ़ाने वाले हैं। यह बताते हैं कि रोजगार के नए अवसर बढ़ रहे हैं। देश के नागरिकों का सरकार पर अधिक भरोसा लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में वे ईमानदारी से अपना टेस्ट देने के लिए आगे पहुंच रहे हैं।

पीएम मोदी ने कहा, 2014 से पहले भारत की अर्थव्यवस्था 10वें नंबर पर थी, ये आज 5वें स्थान पर पहुंच चुकी है। लोग 2014 से पहले के घोटाले और भ्रष्टाचार के दौर को कभी भुला नहीं सकते हैं। आज गरीब के हक का पैसा सीधे उसके खाते में पहुंच रहा है। कहा कि देश के नागरिक टैक्स भरने के लिए आगे आ रहे हैं। वे बड़ी संख्या में आगे बढ़ रहे हैं। नागरिक इस बात को जानते हैं कि उनके कर का उपयोग देश के विकास में किया जा रहा है।

## अखिलेश यादव भी आने वाले दिनों में पीटे जाएंगे : महंत राजूदास

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के एमएलसी स्वामी प्रसाद मौर्य पर जूता फेंके जाने की घटना पर महंत राजूदास की तीखी प्रतिक्रिया सामने आई है। महंत राजूदास ने मौर्य को जूता मारने की घटना पर खुशी जताई और युवक को ऐसा करने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने विवादित बयान देते हुए कहा कि 'सपा के नेता रोज-रोज सनातन धर्म को गाली देने का काम करते हैं। अभी तो स्वामी प्रसाद पर ही जूता चला है आने वाले दिनों में अखिलेश यादव भी पीटे जाएंगे।

महंत राजूदास ने कहा कि एक तरफ सपा के नेता ये कहते हैं कि हम सभी धर्म, सभी संप्रदाय, भी मत-मतांतर को मानते हैं और किसी से भेदभाव नहीं करते हैं, लेकिन उनकी पार्टी के वरिष्ठ नेता रोज-रोज सनातन धर्म को टारगेट करते हैं, सनातन धर्म को गाली देते हैं। एक तरफ डॉ. राम मनोहर लोहिया जी रामायण मेले की शुरूआत करते हैं दूसरी तरफ सपा नेता जिस प्रकार रामचरित मानस पर बैन लगाने और सनातन धर्म को गाली देना ये सब रोज का है, तो सनातनी कब तक इसे बर्दाश्त करेगा।

# सरकारी अफसरों को तलब करने के लिए जारी होगा दिशानिर्देश

**एजेंसी/नई दिल्ली**



सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि वह सरकारी अधिकारियों को कोर्ट में तलब किए जाने को लेकर दिशानिर्देश तय करेगा। केंद्र सरकार ने सुझाव दिया था कि बहुत जरूरी होने पर ही किसी अधिकारी को व्यक्तिगत रूप से पेश होने के लिए कहना चाहिए। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि वह इस बात पर भी विचार करेंगे कि कोर्ट में पेश होने के दौरान किसी अधिकारी की वेशभूषा किस तरह की हो।

16 अगस्त को केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से अदालतों में सरकारी अधिकारियों को तलब किए जाने या उनके खिलाफ अवमानना की कार्यवाही शुरू करने को लेकर एक मानक प्रक्रिया तैयार करने का अनुरोध किया था। केंद्र ने कहा था कि बहुत जरूरी होने पर ही किसी अधिकारी को व्यक्तिगत तौर पर पेश होने के लिए कहा जाना चाहिए और यह भी सुझाव दिया कि अधिकारियों की वेशभूषा को लेकर टिप्पणी नहीं की जानी चाहिए। यह एसओपी केंद्र और राज्य सरकारों से जुड़े मामलों को लेकर है।

**एसओपी तैयार करने का क्यों दिया गया सुझाव:** यह मामला तब शुरू हुआ था जब इलाहाबाद हाई कोर्ट ने यूपी के 2 वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों को अपने एक आदेश के पालन में कोताही के चलते हिरासत में भेज दिया था। कोर्ट ने यह आदेश टिप्पणी रिटायर्ड जजों के सेवानिवृत्ति लाभ से जुड़े आदेश का पालन न करने के चलते की थी। इसके चलते सरकार ने महसूस किया कि ऐसे मामलों के लिए कोई एसओपी होनी चाहिए। इसके अलावा, कोर्ट में पेश होने वाले अधिकारियों की वेशभूषा पर भी कई बार जजों की तरफ से टिप्पणी की गई। इस पर सरकार ने कहा कि कोर्ट को अधिकारियों के ड्रेसिंग पर बेवजह टिप्पणी नहीं करनी चाहिए।







## सीएम ने निर्माण कार्यों का लिया जायजा, बोले...

# जेपी गंगा पथ ग्रीन बेल्ट के रूप में होगा विकसित



### भाजपा के बोलने का कोई मतलब नहीं

भाजपा के काम नहीं होने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इसका जवाब तो आपलोगों को देना चाहिए। आपलोग खुद देखिए और उनलोगों को बताइये कि यहां कितनी तेजी से काम हो रहा है। हम उनलोगों का कोई बयान नहीं देखते-सुनते हैं। जब भाजपावाले साथ थे तो कभी कोई कुछ नहीं बोलता था। अब जब काम तेजी से करवा रहे हैं तो बयान आने लगता है। इसका कोई मतलब नहीं है।

**केटी न्यूज/पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने सोमवार को गायघाट, भद्रघाट, खाजकलां घाट, कंगन घाट होते हुए दमराही घाट तक जाकर जेपी गंगा पथ के निमार्णाधीन कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को तेजी से निर्माण कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जेपी गंगा पथ का हिस्सा बनकर तैयार हो गया है। दूसरा हिस्सा भी जल्द बनकर तैयार हो जाएगा। सब काम जल्दी से हो जाए और लोगों को अधिक से अधिक सुविधा मिले यही देखने के लिए वह यहां बराबर आते रहते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अगले वर्ष के आरंभ में जेपी गंगा पथ पूरी तरह से बनकर तैयार हो जाएगा। जल्द ही दीदारगंज तक सड़क बना ली जाएगी। कच्ची दरगाह-बिदुपुर छह लेन पुल का निर्माण चल रहा है। इसके निर्माण में थोड़ी देर हुई है। अगले साल के आरंभ में इस पुल का काम भी पूरा हो जाएगा।

**सात किमी के दायरे में 90 प्रतिशत हरित क्षेत्रः** इसके पूर्व जेपी गंगा पथ पर पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने मुख्यमंत्री आवास स्थित संकल्प कक्ष में मुख्यमंत्री के समक्ष जेपी गंगा पथ पर परियोजना पर प्रजेंटेशन दिया। दीघा से गांधी मैदान तक जेपी गंगा पथ के सात किमी हिस्से को ग्रीन बेल्ट के रूप में विकसित किया जाएगा। यहां एक लाख पौधे लगाए जाएंगे। लोगों के घूमने-फिरने, साइकिल ट्रैक था छठ व्रतियों के लिए घाट विकसित किया जाएगा। इस इलाके के 90 प्रतिशत हिस्से को हरित क्षेत्र बनाया जाएगा। उन्होंने 35 किमी के दीघा-शेरपुर-कोईलवर तथा 42.5 किमी दीदारगंद-बख्तियारपुर-करजान तक जाने वाले जेपी गंगा पथ के विस्तारीकरण के बारे में जानकारी दी।

**सौंदर्यीकरण योजना पर ठीक से काम करें:** मुख्यमंत्री ने कहा कि सौंदर्यीकरण की प्रस्तावित योजना पर ठीक से काम करें। पार्कों का निर्माण होने से यह क्षेत्र सुंदर और हरा-भरा दिखेगा। लोगों को घूमने-फिरने में सहूलियत होगी।

# बीपीएससी ने शिक्षक भर्ती के लिए जारी किया परीक्षा केंद्र का नाम

**केटी न्यूज/पटना**

शिक्षक भर्ती परीक्षा देनेवाले अभ्यर्थियों के लिए काम की खबर है। बिहार लोक सेवा आयोग ने अपने आधिकारिक वेबसाइट पर अभ्यर्थियों के परीक्षा केंद्र का आवंटन कर दिया है। बीपीएससी के अनुसार, अभ्यर्थी आधिकारिक वेबसाइट पर जाएं। इसके बाद Dasboard में लॉग इन करें। मांगी की जानकारी देने के बाद आपको परीक्षा केंद्र का नाम दिखने लगेगा। बीपीएससी ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि सभी अभ्यर्थी प्रति पाली प्रवेश-पत्र की एक अतिरिक्त प्रति अपने साथ परीक्षा केंद्र पर जरूर ले जाएं। एग्जाम के दौरान वीक्षक के सामने हस्ताक्षर




कर इसे सौंप दें। बीपीएससी ने यह भी कहा कि एग्माम शुरू होने से एक घंटा पहले तक परीक्षा केंद्र में इंट्री की अनुमति दी जाएगी। यानी एक घंटा पूर्व प्रवेश बंद कर दिया जाएगा।

### इन बातों का रखें ख्याल

परीक्षा अवधि की समाप्ति के बाद Used OMR Answer Sheet को सील बंद कराने के बाद ही अपना कक्ष छोड़ें।

**ऐसे डाउनलोड करें अपना एडमिट कार्ड**

सबसे पहले आधिकारिक वेबसाइट bpsc.bih.nic.in पर जाएं। BPSC शिक्षक के एडमिट कार्ड लिंक पर क्लिक करें। अपना लॉगिन विवरण दर्ज करें और सबमिट करें। BPSC शिक्षक एडमिट कार्ड 2023 आपकी स्क्रीन पर प्रदर्शित होगा। शिक्षक एडमिट कार्ड 2023 डाउनलोड करें और परीक्षा के लिए प्रिंटआउट लें।

### 24, 25 और 26 अगस्त को आयोजित की जाएगी परीक्षा

बिहार शिक्षक भर्ती परीक्षा पर बिहार लोक सेवा आयोग ने स्पष्ट कर दिया है कि B.Ed को लेकर जो आदेश सुप्रीम कोर्ट ने दिया है वह आगामी भर्ती परीक्षा में अप्रभावित रहेगी। यानी इस माह होने वाली परीक्षा में B.Ed अभ्यर्थियों को मौका दिया जाएगा। बीपीएससी के अध्यक्ष अतुल प्रसाद ने कहा कि परीक्षा भी अपने निर्धारित समय (24, 25 और 26 अगस्त ) में आयोजित होगी। इसमें किसी को कोई संशय नहीं होना चाहिए।

# अटल बिहारी वाजपेयी पार्क का नाम बदला, बीजेपी ने की निंदा

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार सरकार में पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री तेज प्रताप ने पटना के अटल बिहारी वाजपेयी पार्क का नाम बदल दिया है। अब पार्क कोकोनट पार्क के नाम से जाना जाएगा। कंकड़बाग में स्थित इस पार्क का नाम पहले कोकोनट पार्क था। साल 2018 में इसका नाम अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर किया गया था। अब तेज प्रताप ने इसका नाम बदलकर फिर से कोकोनट पार्क कर रहे है।

नीतीश कुमार के मंत्री ने भले ही अटल बिहारी वाजपेयी पार्क का नाम बदलकर कोकोनट पार्क कर दिया है। लेकिन पार्क में अटल बिहारी वाजपेयी की मूर्ति लगी हुई है और उनका बोर्ड भी पाक के बाहर लगा हुआ है। उनके साथ भी कोई छेड़छाड़ नहीं किया गया है। इस पर राजनीति शुरू हो गई है।

### बीजेपी का नीतीश सरकार पर हमला

बीजेपी प्रवक्ता अरविंद कुमार सिंह ने नीतीश कुमार पर हमला बोलते हुए कहा कि साल 2018 में इस पार्क का नाम कोकोनट पार्क से बदलकर अटल बिहारी पार्क कर दिया गया था। अब तेज प्रताप यादव एक बार फिर से इसका नाम कोकोनट पार्क कर दिया है एक तरफ तो नीतीश कुमार अटल जी की समाधि पर माल्यार्पण करते हैं। वहीं, दूसरी तरफ तेज प्रताप यादव ने पार्क का नाम बदल दिया है। यह दोरंगी सरकार है।

# बगहा में महावीरी जुलूस के दौरान दो पक्षों में झड़प, बवाल

**बगहा।** बिहार के बगहा में सोमवार की शाम महावीरी जुलूस के दौरान दो पक्षों में झड़प हो गई. इस दौरान तोड़फोड़ के साथ आगजनी भी की गई। भारी बवाल में पत्रकार, पुलिस समेत आधा दर्जन लोग जख्मी हुए हैं जिनका इलाज अनुमंडल अस्पताल में चल रहा है। घटना बगहा के रतन माला के पास की है। महावीरी अखाड़ा समिति की ओर से जुलूस निकाला गया था। महावीरी झंडा को लेकर लोगों में उत्साह था। लोग अपने-अपने क्षेत्रों से निकलकर रोड पर झंडा लहराते हुए जुलूस के साथ निकल पड़े। झड़प की घटना तब हुई जब जुलूस बगहा से रतन माला की तरफ जा रहा था। इस दौरान कुछ उपद्रवी बाइक पर लाठी बरसाने लगे। देखते-देखते पत्थरबाजी शुरू हो गई। इसके बाद तोड़फोड़ शुरू हो गई।

# बिस्मिल्लाह खां की 17वीं बरसी पर मुरली ने साझा किया संस्मरण

**केटी न्यूज/पटना**

शहनाई नवाज भारत रत्न उस्ताद बिस्मिल्लाह खां की 17वीं बरसी पर पुनाईचक में उन्हें पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस मौके पर उस्ताद बिस्मिल्लाह खां पर शोधपरक पुस्तक शहनाई वादक उस्ताद बिस्मिल्लाह खां लिखने वाले मुरली मनोहर श्रीवास्तव अपने संस्मरण को साझा करते हुए कहा कि उस्ताद का दिल निश्छल बच्चों जैसा था। उन्हें याद करते हुए भावुक हो उठे मुरली ने कहा कि मैं हर सप्ताह उस्ताद के पास वाराणसी जाया करता था। विश्व प्रसिद्ध शहनाई वादक उस्ताद बिस्मिल्लाह खां ऐसे थे जो गंगा में वजू करके नमाज पढ़ते थे और सरस्वती को याद कर शहनाई की तान छेड़ते थे। आगे श्री मुरली ने कहा मानो कल की बातें हो, मगर उस्ताद को गुजरे 17 साल गुजर गए, इनके ऊपर लिखी मेरी पहली पुस्तक



15 नवम्बर 2009 को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा लोकार्पित हुई थी, जो 10 साल से बेस्ट सेलर बुक में शामिल है। इसी पुस्तक की वजह से 2022 में मेरा नाम इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में भी दर्ज हुआ। डुमरांव में उस्ताद की जन्मस्थली से कुछ दूरी पर मेरा भी घर है लेकिन अफसोस कि आजतक उस्ताद के नाम पर कोई स्मृति चिन्ह डुमरांव में स्थापित नहीं हो सलि है। इस मौके पर रंजीत कुमार, आकाश कुमार, मृत्युंजय सिंह, नीतू सिन्हा, सिद्धार्थ मिश्रा, काव्या मनोहर, अनुराग सिन्हा आदि उपस्थित रहे।




## खबरें फटाफट

### प्रेमी संग फरार दो बच्चों की मां बरामद

**नावानगर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के चनवथ गांव से बीते सप्ताह प्रेमी संग फरार दो बच्चों की माँ को पुलिस ने डुमरांव रेलवे स्टेशन के पास से बरामद कर लिया है। हलाकि प्रेमी पुलिस के पकड़ से दूर है। बरामद मोहित को पुलिस द्वारा फर्द बयान के लिये कोर्ट में भेज दिया गया है। बीते सप्ताह महिला के पति संजय साह ने थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराया था। दर्ज प्राथमिकी में पीड़ित पति ने बताया था कि उसकी पत्नी 50 हजार नगद और डेढ लाख का गहना लेकर मैके की बात कह कर फरार हो गई है। जिसमें मनि डीहरा गांव निवासी जनक सिंह का भी हाथ है। नावानगर थानाध्यक्ष राजीव रंजन राय ने बताया कि महिला को डुमरांव से बाहर ले जाए जा रहे की सूचना पर पुलिस ने तत्काल छापेमारी कर महिला को बरामद कर फर्द बयान के लिये बक्सर भेज दिया है।

### दुष्कर्म के आरोपी ने किया कोर्ट में समपर्ण

**बक्सर।** सिमरी थाना क्षेत्र के एक गांव में 15 अगस्त को अपनी छह वर्षीय चचेरी भतीजी से घिनौनी हरकत करने के आरोपी ने पुलिस दबिश के कारण सोमवार को बक्सर कोर्ट में आत्मसमपर्ण कर दिया। इस दौरान वहां मुश्तैद सिमरी पुलिस ने उसे गिरफ्तार करने का प्रयास किया, लेकिन उसके अधिवक्ता के हस्तक्षेप के बाद पुलिस उसे गिरफ्तार करने में सफल नहीं हो सकी। बताया जाता है कि 15 अगस्त को सिमरी थाना क्षेत्र के एक गांव में पूर्व वार्ड सदस्य अरूण कुमार कमकर ने अपने चचेरी भतीजी को चाकलेट का लालच दे दुष्कर्म किया था। दो दिन बाद परिजनों ने इसकी जानकारी सिमरी पुलिस को दी थी। एफआईआर दर्ज होने के बाद से ही पुलिस उसे गिरफ्तार करने के लिए लगातार छापेमारी कर रही थी। लेकिन वह फरार चल रहा था। जिसके बाद पुलिस लगातार छापेमारी कर रही थी। दबिश बढ़ने के कारण ही उसने सोमवार को न्यायालय में समपर्ण किया।

## सड़क दुर्घटना में मौत के विरोध में सड़क जाम कर ग्रामीणों ने काटा बवाल

# धनसोई में बेलगाम स्कार्पियो ने शौच जा रही महिलाओं को रौंदा, सास की मौत, बहु जखमी

केटी न्यूज/धनसोई

रविवार की देर शाम धनसोई थाना क्षेत्र के इटढ़िया गांव के पास एक बेलगाम स्कार्पियो ने शौच जा रही सास बहू को रौंद दिया। इस घटना में सास की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उसकी बहु गंभीर रूप से जख्मी हो गई। वही दुर्घटना को अंजाम देने के बाद स्कार्पियों सड़क किनारे चाट में पलट गई। लेकिन उसमें सवार चालक समेत अन्य लोग किसी तरह निकल भाग निकले। ग्रामीणों ने एक व्यक्ति को पकड़ पुलिस के हवाले किया। वहीं इस घटना के विरोध में ग्रामीणों ने कुछ देर के लिए सड़क जाम भी किया था, लेकिन बाद में धनसोई थानाध्यक्ष के समझाने बुझाने के बाद जाम हटाया गया।

मृतका इटढ़िया के स्व. कन्हैया गोंड की 65 वर्षीय पत्नी कमलावती देवी तथा जख्मी महिला उसके पुत्र चंदन गोंड की 30 वर्षीय पत्नी ललिता देवी है। मिली जानकारी के अनुसार



■ दुर्घटना को अंजाम देने के बाद सड़क किनारे पलट गई स्कार्पियो, एक गिरफ्तार

रविवार की देर शाम दोनों अपने घर से शौच जाने के लिए निकली थी। इसी दौरान धनसोई की तरफ से आ रही एक तेज रफ्तार स्कार्पियों ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें कमलावती की मौत हो गई जबकि ललिता जख्मी हो गई है। घटना के बाद सड़क किनारे पलटी स्कार्पियो से निकल भाग रहे लोगों में से एक को ग्रामीणों ने पकड़ पिटाई कर पुलिस को सौंप दिया। वहीं, इस पथ पर बेलगाम परिचालन पर लगाम लगाने तथा मृतक के परिजनों को उचित मुआवजे की मांग पर शव के साथ सड़क जाम कर दिए। इसकी सूचना मिलते ही धनसोई थानाध्यक्ष ज्ञान प्रकाश सिंह सदलबल मौके पर पहुंचे तथा लोगों को समझा बुझाकर जाम हटवाया। उन्होंने कहा कि पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

## सड़क दुर्घटना में महिला बुरी तरह जख्मी, पुलिस ने कराया इलाज

**डुमरांव।** नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र के एनएच 922 पर प्रतापसागर के पास सोमवार को एक महिला सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से जख्मी हो गई। राहगीरों द्वारा डायर 112 पर इसकी सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला को इलाज के लिए तत्काल प्रताप सागर स्थित मेथोडिस्ट अस्पताल पहुंचाया। इसके बाद पुलिस ने महिला के परिजनों को भी इसकी जानकारी दी। महिला की पहचान चक्की की मीरा देवी के रूप में हुई है।

गौरतलब है कि हाल के दिनों में एनएच 922 पर सड़क दुर्घटनाओं की संख्या काफी बढ़ गई है। नया भोजपुर ओपी थानाध्यक्ष सुबोध कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस की सूचना पर महिला के परिजन भी पहुंच गए है। हालांकि उसे धक्का मारने वाले वाहन का पता नहीं चल सका है। महिला की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। देर शाम अस्पताल प्रबंधन द्वारा उसे रेफर करने के बाद परिजनों द्वारा उसे बेहरत इलाज के लिए हायर सेंटर ले जाया गया है। इस घटना के बाद परिजनों में एनएच 922 पर तेज रफ्तार परिचालन पर गहरा आक्रोश है। बता दें कि फोर लेन बनने के बाद से अबतक इस पथ पर अकेले प्रताप सागर में दुर्घटनाओं में दो दर्जन से अधिक लोग अपनी जान गवां चुके है। स्थानीय निवासी सह सामाजिक कार्यकर्ता कृष्णा शर्मा ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि प्रतापसागर चट्टी से बीएड कॉलेज मोड़ तक अब तक दो दर्जन से अधिक लोगों की मौत सड़क दुर्घटनाओं में हो चुकी है।

## पुण्यतिथि पर याद किए गए शहनाई शहंशाह उस्ताद बिस्मिल्लाह खां

केटी न्यूज/डुमरांव

शहनाई शहंशाह तथा भारत रत्न उस्ताद बिस्मिल्लाह खां की पुण्यतिथि सोमवार को मनाई गई। इस मौके पर उनके अबाई वतन डुमरांव के सामाजिक कार्यकताओं द्वारा उनके तैल्य चित्र पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया।

उनकी स्मृति में स्टेशन रोड स्थित ईदगाह के पास पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण की सीख दी गई। वक्ताओं ने कहा कि यह सभी डुमरांव वासियों के लिए गर्व की बात है कि उस्ताद ने डुमरांव में ही आंखें खोली थी। हालांकि लोगों ने इस बात पर दुख जताया कि उस्ताद भले ही अपने फनकारी के बदौलत दुनिया में अमर हो गए, उन्हें देश का सबसे बड़ा पुरस्कार भारत रत्न भी मिला। लेकिन डुमरांव में उनके स्मृतियों को संजोया नहीं गया। वक्ताओं ने कहा कि उनके स्मृति में डुमरांव में एक भी प्रतीक चिन्ह का नहीं होना सरकार और शासन की उनके प्रति उदासनीता का प्रमाण है। मौके पर इस्लाम अंसारी, जीतू यादव, बरमेश्वर ओझा, डा नसीम अख्तर, सिकन्दर, सोहराब कुरैशी, अफजल हाशमी, सत्येंद्र सिंह, अफताब राइन, राजकुमार, लियाकत, अमिरू खान, कलिम मास्टर समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

## खिलाड़ियों को नहीं होने दी जाएगी सुविधाओं की कमी

केटी न्यूज/बक्सर

केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने भाजपा क्रीड़ा प्रकोष्ठ द्वारा हॉकी के जादूगर ध्यानचंद के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित सांसद खेल महाकुंभ में शामिल होने वाले संसदीय क्षेत्र के 170 प्रतिभावान खिलाड़ियों, कोच, शारीरिक शिक्षकों आदि को सम्मानित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को मूलभूत सुविधाओं को बढ़ाया जाएगा। किसी तरह की कमी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंनें कहा कि सांसद खेल महाकुंभ में बड़ी संख्या में खिलाड़ियों ने भाग लिया था। यह खेल प्रतिभा को तराशने का बेहतर प्लेटफार्म बना है।

इसे आगे भी जारी रखा जाएगा। केंद्रीय मंत्री श्री चौबे के हाथों से प्रशस्ति पत्र प्राप्त कर खिलाड़ी काफी उत्साहित नजर आ रहे थे। इतनी बड़ी संख्या में एक साथ खिलाड़ियों को सम्मानित करने का यह पहला कार्यक्रम था। कार्यक्रम का आयोजन एमपी हाई स्कूल में किया गया। इस सम्मान समारोह में जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर




पर विभिन्न खेलों में प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ी भी शामिल थे। सम्मान समारोह में विभिन्न खेलों के पांच अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भी मौजूद थे। इस मौके पर एमपी हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक विजय कुमार मिश्र, लोकसभा प्रभारी अनिल स्वामी, राजवंश सिंह, विजय कुमार सिंह, रामपुकार सिंह, निर्भय राय, पूनम रविदास, श्रीमननारायण तिवारी, मीना कुशवाहा, इंदु देवी, जयप्रकाश राय, राहुल आनंद, सुल्तान, धनंजय राय, प्रकाश पांडेय, दीपक सिंह, हीरामन पासवान आदि उपस्थित थे।

## एक नजर

### भगवान श्रीराम की मूर्ति स्थापित होने से पूरे देश में बढ़ेगा बक्सर का गौरव: प्रदीप राय



**बक्सर।** जिले के चर्चित होटल व्यवसायी प्रदीप राय ने सोमवार को अपने होटल वैष्णवी इन क्लार्क में केन्द्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे के साथ बैठक की। इस बैठक में भगवान श्रीराम के पराक्रमी स्वरूप के मूर्ति का मॉडल केन्द्र में रखकर कारिडोर बनाने पर चर्चा हुई। केन्द्रीय मंत्री ने बताया कि बक्सर में भगवान श्रीराम की विश्व में सबसे उंची मूर्ति बन रही है। उन्होंने बताया कि इसके मॉडल का डिस्प्ले हो चुका है। वही होटल व्यवसायी प्रदीप राय ने इस प्रयास के लिए केन्द्रीय मंत्री अश्विनी चौबे का आभार जताया और कहा कि बक्सर में भगवान श्रीराम की पराक्रमी मुद्रा में मूर्ति स्थापित होने से बक्सर का गौरव बढ़ेगा। पूरे देश के सनातनियों का जमावड़ा बक्सर में होगा। जिसके बाद बक्सर में पर्यटन उद्योग को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि बक्सर भगवान श्रीराम की शिक्षा स्थली रही है। वर्षों से उनके शिक्षा स्थली पर उनकी मूर्ति की मांग की जा रही थी। केन्द्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे के नेतृत्व में यह पूरा होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि मूर्ति निर्माण में संसाधनों की कमी नहीं होने दी जाएगी। बैठक में अमन ओझा, सरोज तिवारी, प्रियव्रत दूबे, राजेश पांडेय, रंजन तिवारी समेत शिल्पकारों की टीम मौजूद थी। शिल्पकारों द्वारा यहा भी भगवान श्रीराम के पराक्रमी मुद्रा वाली मूर्ति का डिस्प्ले कर उपस्थित लोगों को दिखाया गया।

### वाहन चालाकों के लिए जानलेवा बना सुमित्रा कालेज पथ में डाले गए ईट के टुकड़े

**डुमरांव।** नगर परिषद द्वारा सुमित्रा कॉलेज पथ में उभरे गड्ढ़ों की मरम्मत के बजाय उसमें ईंट के टुकड़े डाल यूं ही छोड़ दिया गया है। सड़क पर डाले गए ईंट के टुकड़ो पर रोलर नहीं चलाए जाने से यह सड़क राहगीरों और बाइक चालकों के लिए जानलेवा बन गया है। मोहल्ले के लोगों ने इसकी शिकायत नप प्रशासन से की और रोलर चलाकर समतल करने की मांग की है। लेकिन नगर परिषद प्रशासन इसकी



अनदेखी कर रहा है। नगर परिषद प्रशासन के उदासीन रवैये से लोगों का गुस्सा उबल रहा है। नगर परिषद की मंशा थी कि सड़कों पर उभरे गड्ढे में ईंट के टुकड़े डालने से स्थानीय लोगों को जलजमाव और कीचड़ से निजात मिल जाएगी। लेकिन ईंट का टुकड़ा डालने के बाद स्थिति और खतरनाक बन गयी है। ईंट के टुकड़ों को ना तो ठीक से समतल किया और न ही उस पर राबिश डाला गया। बता दें कि नप ने सुमित्रा महिला कॉलेज रोड, टेक्सटाइल कॉलोनी, चाणक्यपुरी कॉलोनी, सफाखाना रोड आदि सड़को पर ईंट का टुकड़ा डाल मुश्किलें बढ़ा दी है। एसएम कॉलेज मोहल्ले के रहने वाले विनोद सिंह, मुकुल कुमार, रजनीश प्रसाद, देवेंद्र सिंह, आदि ने बताया कि वर्षों से इस मोहल्ले के लोग जलजमाव और कीचड़ से त्रासदी झेल रहे है। सावन माह में बाबा जंगलीनाथ महादेव मंदिर जाने का यह सुगम और सरल रास्ता है लेकिन ईंट के टुकड़े डालने से स्थिति और खराब हो गयी है।



# गुजरे जमाने की बात बन गई सावन में झूला डालने की परंपरा

**केटी न्यूज/डुमरांव**



और एक जमाना था, जब सावन माह के आरंभ होते ही घर के आंगन और बाग बगीचों में लगे पेड़ों पर झूले पड़ जाते थे और घर की महिलाएं कजरी गीतों के साथ उसका आनंद उठाती थी। समय के साथ पेड़ गायब होते गए और फ्लैटनुमा इमारतों के बनने से आंगन का अस्तित्व भी लगभग समाप्त हो गया। ऐसे में सावन के झूले भी इतिहास बनकर हमारी परंपरा से गायब हो रहे हैं। अब सावन माह में झूले और कजरी परंपरा की तान कहीं-कहीं ग्रामीण इलाकों में ही सुनाई देते हैं। कालांतर में कजरी की धुन इतनी लोकप्रिय हुई कि शास्त्रीय संगीत के घरानों ने भी इसे अपनाकर वाहवाही लूटी, लेकिन सावन में काली घटाओं के बीच गाए जाने वाले इस ऋतु राग पर आधुनिकता के काले बादल छा गए है।

**उमड़ते बादल को खूब भाती है कजरी धुन :** कभी सावन महीना शुरू होते ही कजरी की धुन सुनाई पड़ने लगती थी, लेकिन अब यह गुजरे जमाने की बात हो गई हैं। भोजपुरी के गीतकार कमल किशोर ह्यराजूह्न पारंपरिक कजरी के धुन को याद कर गुनगुनाते हुए कहते हैं बदरा आई गईले, ना अईले हमरो पियां परदेशियां ना जैसी धुन अब नहीं सुनाई देती। यह पारंपरिक गीत इतनी लोकप्रिय थी कि इसे हर घरों में गाया जाता था। भोजपुरी के चर्चित गायक अशोक मिश्र ने पिया मेहंदी लिआद मोतीझील से, जाके साइकिल से ना... और हरि हरि सावन में लागेला सोमारी... आदि गीतों की धुन गुनगुनाते हुए बताया कि आज के दौर में गायक व गीतकार भी ऐसे गीतों से दूरी बना रहे है, जिससे यह विधा दूर होती जा रही है।

**दूसरे देशों में भी लोकप्रिय है कजरी :** विशेष रूप से मिजार्पुर, वाराणसी, बलिया व बक्सर समेत सभी भोजपुरी भाषी क्षेत्रों में ही कजरी गाई जाती है। लेकिन, उतर भारत के अलावा कजरी के दीवाने सूरीनाम, त्रिनिदाद और मारीशस जैसे भोजपुरी भाषी देशों में भी हैं। जहां अक्सर भोजपुरी के नामचीन गायकों के द्वारा स्टेज शो में इस पारंपरिक कजरी की फरमाइश होती है।

### जीवन को प्रकृति से जोड़ती है कजरी

कजरी धुन की उत्पत्ति कब और कैसे हुई, यह कहना कठिन है, परंतु, यह तो निश्चित है कि मानव को जब स्वर और शब्द मिले और जब लोक जीवन को प्रकृति का कोमल स्पर्श मिला होगा, उसी समय से कजरी हमारे बीच हैं। सुप्रसिद्ध लोकगीत गायक विष्णु ओझा और विनय मिश्र का कहना हैं कि संगीत विधा में दो राग प्रमुख हैं। कजरी को भोजपुरांचल में राग मल्हार की रागिनी माना जाता है। ऐसे में कजरी का सैकड़ों साल पुराना इतिहास है।

## गर्भवती महिलाओं की टीबी जांच के लिए लिया गया स्पूटम, बोलीं सीएचओ-

# गर्भवतियों में टीबी की जांच जरूरी

**केटी न्यूज/बक्सर**



प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत और टीबी मुक्त पंचायत पहल कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में सोमवार को सदर प्रखंड अंतर्गत पांडेयपट्?टी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में गर्भवती महिलाओं की एनसीडी जांच के साथ टीबी जांच के लिए स्पूटम लिया गया। सीएचओ श्वेता सिंह ने बताया कि जांच में यदि किसी गर्भवती की रिपोर्ट पॉजिटिव आती है तो उनका निशुल्क इलाज शुरू किया जाएगा। महिलाओं में होने वाली टीबी की बीमारी, यानी ट्यूबरकुलोसिस गर्भाशय पर काफी बुरा असर डालती है, इसके कारण महिलाएं बांझपन की शिकार भी हो जाती है। माइको बैक्टीरियम ट्यूबरक्लोसिस नाम के बैक्टीरिया के कारण होने वाला यह रोग फेफड़ों को अधिक प्रभावित करता है। महिलाओं में भी टीबी संक्रमण के मामले अधिक आ रहे हैं।

**टीबी का समय पर निदान आवश्यक :** सीएचओ श्वेता सिंह ने बताया कि गर्भावस्था के दौरान महिलाओं की टीबी के लक्षणों की पहचान की जानकारी रखी जानी चाहिए। अगर किसी महिला को टीबी है और वह गर्भवती है, तो उसका सही समय पर निदान आवश्यक है। सही इलाज से गर्भवती महिला व शिशु को सुरक्षित रखने में मदद मिलती है। समय पर इसका इलाज नहीं होने से भविष्य में परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। किसी भी तरह के टीबी की शिकार महिलाओं के यूटरस में टीबी होने की आशंका 30 प्रतिशत बढ़ जाती है। 5 से 10 प्रतिशत महिलाओं में हाइड्रो साल्पिंगिटिस की समस्या होती है, जिसमें फैलोपियन ट्यूब में पानी भर जाता है। यह भी इन्फर्टिलिटी की वजह बनता है। टीबी बैक्टीरिया मुख्य रूप से फैलोपियन ट्यूब को बंद कर देता है, जिससे पीरियड्स रेगुलर नहीं आते। महिला में पेट के निचले हिस्से में बहुत दर्द होता है और महिला गर्भधारण नहीं कर पाती। इस दौरान एएनएम कुमारी कीरण, आशा कार्यकताओं में मालती देवी, नीतू देवी, प्रमिला देवी, शकुंलता देवी व रिंकु देवी के साथ लाभुक गर्भवती महिलाएं भी मौजूद रहीं।

- महिलाओं को मिली टीबी के लक्षणों की पहचान, जांच, इलाज व बचाव की जानकारी

### गर्भवती महिलाओं में संक्रमण के कई कारण

एएनएम साधना देवी ने बताया, गर्भवती महिलाओं के टीबी संक्रमित होने के कई कारण हो सकते हैं। इनमें घर में टीबी के किसी अन्य व्यक्ति के लगातार संपर्क में आने, टीबी संक्रमित क्षेत्र में रहने, एचआइवी होने, कुपोषित तथा बहुत अधिक वजन कम होने, शराब व मादक पदार्थ जैसे सिगरेट, गुटखा सेवन हो सकता हैं। एक सप्ताह से अधिक समय तक खांसी रहना, तेज बुखार, भूख की कमी, बहुत अधिक थकान व लंबे समय तक अस्वस्थ रहना, बलगम में खून आना तथा गर्दन की ग्रंथियों में सूजन व दर्द रहना है। गर्भावस्था में ट्यूबरकूलीन स्कीन टेस्ट तथा टीबी ब्लड टेस्ट दोनों सुरक्षित हैं। बलगम की जांच और फेफड़ों का एक्स-रे किया जाता है। गर्भवती महिलाओं में टीबी का सही समय पर पता चल जाने से इलाज संभव है। गर्भवती के टीबी का इलाज नहीं होने से शिशु को भी टीबी की संभावना रहती है।

## गृह सत्यापन के कार्यों में तेजी लाएं बीएलओ: डीएम

बक्सर। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल के अध्यक्षता में सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की गई। जिसमें बीएलओ द्वारा डोर टू डोर सत्यापन संबंधित कार्यों के निष्पादन कार्य से संबंधित समीक्षा की गई। बक्सर जिला में 21 अगस्त तक गृह सत्यापन कार्य औसत 36.97% है। इसी प्रकार 199-ब्रह्मपुर 23.70%, 200-बक्सर 58.95%, 201-डुमराव 31.91% व 202-राजपुर (अ०जा०) 46.86% है। गृह सत्यापन कार्यों की समीक्षा के क्रम में पाया गया कि नावानगर, सिमरी, ब्रह्मपुर, केसठ, चक्की एवं चौगाई प्रखंडों में गृह सत्यापन का कार्य बहुत कम हुआ है।

जिला पदाधिकारी महोदय के द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी नावानगर, सिमरी, ब्रह्मपुर, केसठ, चक्की एवं चौगाई को इस कार्य में तेजी लाकर अविलंब कार्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। सभी बल विकास परियोजना पदाधिकारी को सभी शिक्षक, सेविका एवं बीएलओ के साथ समन्वय स्थापित कर गृह सत्यापन के कार्य में तेजी लाते हुए निर्धारित तिथि तक पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।










## पति समेत ससुराल के छह लोगों पर हत्या की प्राथमिकी दर्ज

# बाइक के लिए नवविवाहिता की हत्या

केटी न्यूज/आरा



जिले के बहोरनपुर ओपी क्षेत्र अंतर्गत जवइनिया गांव में रविवार की देरशाम दहेज में बाइक के लिए 22 वर्षीया विवाहिता की हत्या कर दी गयी। साड़ी से गला घोंटकर विवाहिता को मार डाला गया है। मृतका जवइनिया गांव निवासी राजू साह की पत्नी नेहा कुमारी थी। उसकी इसी साल 28 फरवरी को शादी हुई थी। मायके वालों ने उसके पति सहित अन्य ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है। मृतका बक्सर जिले के ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के चंद्रपुरा गांव निवासी लालजी साह की बेटी नेहा कुमारी थी। जिसकी शादी इसी साल 28 फरवरी को जवइनिया गांव निवासी शिव शंकर साह के पुत्र राजू साह से करायी गयी थी।

लालजी साह ने बताया कि बेटी की शादी के दस दिन के बाद से ही उसके पति और ससुराल वालों द्वारा बाइक की मांग की जाने लगी थी। इसके लिए उसे प्रताड़ित किया जाता और उसके साथ मारपीट भी की जाने लगी। रविवार की दोपहर करीब दो बजे उन्होंने अपनी बेटी नेहा कुमारी से फोन पर बात भी थी। उस दौरान नेहा ने बताया था कि वह ठीक है। उसके कुछ देर बाद उसके ससुराल के ही एक परिचित ने फोन कर उन्हें सूचना दी कि उनकी बेटी की मौत हो गयी है। उस पर वह जवइनियां गांव पहुंचे और देखा की उनकी बेटी मृत अवस्था में जमीन पर पड़ी है। साथ ही, उसके ससुराल के सभी लोग फरार हैं। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया गया। उन्होंने बेटी के पति राजू साह, ससुर शिव शंकर शाह, सास फुलकारी देवी, भैसुर हीरालाल बहादुर, भावह रिंकू देवी और पूजा देवी पर गले में साड़ी से फांसी लगाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। हालांकि, पुलिस ने मायके पक्ष का बयान दर्ज कर जांच में जुट गई। पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। आरोपितों की धरपकड़ की भी कोशिश की जा रही है। नेहा की मौत के बाद उसके मायके में कोहराम मच गया है।

## पैर फिसलने से नहर में गिरे बच्चे की डूबने से मौत

**आरा।** जिले के इमादपुर थाना क्षेत्र के बिहटा आजाद टोला में सोमवार की सुबह नहर में डूबने से चार साल के एक बच्चे की मौत हो गयी। खेलने के दौरान बच्चा नहर में गिर पड़ा। मृत बच्चा बिहटा आजाद टोला निवासी धनजी चौधरी का बेटा अंकुश कुमार था। अंकुश के पिता ने बताया कि सुबह वह करीब आठ बजे उनका बेटा गांव के कुछ बच्चों के साथ उनके घर के पीछे स्थित नहर के पास खेलने गया था। खेलने के दौरान उसका पैर फिसल जाने से वह नहर में गिरकर डूब गया। उसके बाद बच्चों ने घटना की सूचना दी। उस पर वह घटनास्थल पर पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से उसका शव पानी से बाहर निकाला गया। सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

## अभाविप ने युवाओं को दी आत्मनिर्भर बनने की जानकारी, सिखाए गए गुर

केटी न्यूज/जहानाबाद




विश्व के सबसे बड़े छात्र संघठन अखिल विद्यार्थी परिषद नगर इकाई के द्वारा स्वावलंबी भारत अभियान के तहत विश्व उधमिता दिवस के अवसर पर जिले के निजी कंप्यूटर क्लासेस में युवा विद्यार्थियों के संग एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें युवाओं को आत्म निर्भर के मार्ग पर कैसे चला जाये बतलाया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के भूमिका में उपस्तिथ शहर के जाने माने युवा उद्योगकर्मी चंदन कुमार ने बताया की भारत के आत्मनिर्भर होने का सपना हमारी युवा पीढ़ी ही साकार कर सकती है। जरूरत है कि युवा सकारात्मक सोच के साथ देश के साथ कदम से कदम मिलाकर बढ़ते हुए राष्ट्र के निर्माण में अपना योगदान दें।

राष्ट्र की युवा शक्ति को आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में एक मजबूत आधार स्तंभ के रूप में संकल्प पूर्वक आगे आने की आवश्यकता है। विद्यालयी शिक्षा में छात्रों को महापुरुषों की जीवनियों से प्रेरणा लेनी चाहिये। जिससे उनमें अपार आत्मबल बढेगा तभी वे सशक्त व आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार कर पायेंगे। नये भारत के निर्माण के लिए आज की युवा पीढ़ी की स्किल व कार्य-कौशल्य को विकसित कर राष्ट्र के उत्थान हेतु समर्पित करने की आवश्यकता है। उन्होंने इस मौके पर युवाओं को अपने पर्सनालिटी में निखार लाने के प्रेरित करते हुए राष्ट्र के मुख्य धारा से जोड़ कर सभी युवाओं को इस तरह के कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने का प्रेरित किया।

## बाबा सिद्धनाथ मंदिर में 30 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

**जहानाबाद।** जिले का ऐतिहासिक वाणावर पहाड़ स्थित बाबा सिद्धनाथ मंदिर में सावन के सातवे सोमवारी एवं नागपंचमी के अवसर पर श्रद्धालुओं की भीड़ पूरे दिन लगी रही। बिहार के कई जिलों से आये लगभग 30 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा सिद्धनाथ मंदिर में जलाभिषेक कर बाबा से आशीर्वाद लिया। इस दौरान बोल बम जय भोलेनाथ एवं हर हर महादेव की जयघोष से पूरा पहाड़ी इलाका गूंजता रहा। श्रद्धालु पहाड़ी इलाका के गऊघाट, हथियाबोर, वाबन सीढ़िया एवं पतालगंगा इलाके में मौजूद जलस्रोत से स्नान कर पहाड़ की चोटी पर स्थित बाबा सिद्धेश्वर नाथ मंदिर पहुंचे जहां श्रद्धालुओं ने अरघा सिस्टम के माध्यम से जलाभिषेक किया, रविवार की रात 12 बजे से ही श्रद्धालुओं का जुटान शुरू हुआ। जो सोमवार के दिन के 12 बजे तक कतार लगी रही। वहीं रात्रि के समय ही हजारों श्रद्धालुओं ने बाबा मंदिर में जलाभिषेक किया। मंदिर के महंत अभिमन्यु नाथ भारती, प्रबंधक भानु प्रताप उर्फ गुड्डू सिंह, पुजारी धर्मेंद्र पांडेय उर्फ छोटे बाबा ने बताया कि सावन के नागपंचमी और सातवें सोमवार को 30 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया है। उन्होंने बताया कि भीड़ को देखते हुए सावन महीने के लिए अरघा सिस्टम की व्यवस्था की गई है। ताकि मंदिर पहुचे सभी श्रद्धालुओं का जलाभिषेक आसानी से हो जाये।









## खबरें फटाफट

### तमंचा के साथ युवक धराया

**बलिया।** नरहीं पुलिस ने रामगढ़ नहर पुलिया के पास सोमवार की दोपहर एक व्यक्ति को तमंचा के साथ किया गिरफ्तार किया। जिसे संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के लिए चालान कर दिया। आपको बताते चले कि थानाध्यक्ष नरही पन्नेलाल के नेतृत्व में उपनिरीक्षक उमापति अपने टीम के साथ चेकिंग अभियान चला रहे थे। इसी बीच सोमवार की दोपहर रामगढ़ नहर पुलिया के पास से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम राजा चौधरी पुत्र हरिशंकर चौधरी निवासी नागाघाट थाना नरहीं बताया। जमा तलाशी में उसके पास से एक तमंचा बरामद किया। जिसे पुलिस ने आर्म्स एक्ट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर न्यायालय के लिए चालान कर दिया।

### 1.2 किग्रा गांजा के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**बलिया।** फेफना थाने की पुलिस ने वैना मोड़ के पास से सोमवार की दोपहर एक बजे एक किलो 200 ग्राम अवैध गांजा के साथ एक अभियुक्त को धर दबोचा। जमा तलाशी के दौरान अभियुक्त के पास से एक अदद तमंचा 315 बोर व एक अदद जिंदा कारतूस बरामद हुआ। फेफना थानाध्यक्ष रोहन राकेश सिंह अपने हमराहियों के साथ वैना मोड़ के पास चेकिंग कर रहे थे, तभी एक युवक आता हुआ दिखाई दिया, संदिग्ध लगने पर जब युवक को रोका गया और जमा तलाशी ली गई है तो उसके पास से एक किलो 200 ग्राम अवैध गांजा के साथ एक अदद तमंचा 315 बोर व एक अदद जिंदा कारतूस बरामद हुआ।

### संपूर्ण समाधान दिवस पर बलिया जिलाधिकारी ने सुनी लोगों की फरियाद

# अवैध भूमि कब्जा करने वालों पर की जाए कठोर कार्रवाई : जिलाधिकारी

केटी न्यूज/ बलिया

जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने सोमवार को बैरिया तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस के मौके पर फरियादियों की फरियाद सुनी और संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किया। इस मौके पर कुल 85 शिकायतें आई, जिसमें से 14 का निस्तारण मौके पर कर दिया गया। इसमें राजस्व, पुलिस, पंचायती राज, सिंचाई, खाद्य एवं रसद जैसे विभागों की शिकायतें थी। अधिकतर मामले राजस्व से संबंधित थे।

जिलाधिकारी ने भूमि पर अवैध कब्जा करने वाले जो आदमी ऐसे मामले में जोर जबरदस्ती कर हस्तक्षेप करें, उसके खिलाफ राजस्व विभाग और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि यदि आम जन की समस्याओं का निस्तारण प्रारंभिक स्तर पर कर दिया जाए तो, इन्हें मुख्यालयों तक भटकना नहीं पड़ेगा।



### अनुपस्थित अधिकारियों का वेतन रोका

**बैरिया।** जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने बैरिया तहसील के संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान अनुपस्थित अधिकारियों के वेतन रोकने और स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिए। इसमें निम्न विभागों के अधिकारी शामिल है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डीआईओएस, समाज कल्याण अधिकारी,जिला उपयुक्त उद्योग, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ,बाढ़ खंड एवं सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता और सहायक आयुक्त एवं निबंधक सहकारिता के अधिकारी अनुपस्थित पाए गए। संपूर्ण समाधान दिवस के मौके पर एसपी एस० आनंद सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

कहा कि प्राप्त शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए, जिससे शिकायतकर्ता को दोबारा ना आना पड़े। इसी क्रम में जिलाधिकारी ने जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी ए ०के० गौतम को निर्देश दिया के तहसील और थाना दिवस पर आने वाले दिव्यांगजन शिकायतकताओं के लिए व्हीलचेयर की व्यवस्था की जाए।

### डीएम ने निर्वाचन कक्ष का किया निरीक्षण

**बैरिया।** जिलाधिकारी रविंद्र कुमार सोमवार को बैरिया तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस पर फरियादियों की शिकायतों का निस्तारण करने पहुंचे थे। उन्होंने तहसील में स्थित निर्वाचन कक्ष का भी निरीक्षण किया और वहां तैयार होने वाले पत्रावलियां,जो अव्यवस्थित तरीके से रखी गई थी, इस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने एसडीएम आत्रेय मिश्र को निर्देश दिया कि पत्रावलियों में प्राप्त होने वाली सूचनाओं और अभिलेखों को गोसवारावार अद्यतन किया जाए एवं पत्रावलियों पर बीएलओ और अधिकारी के हस्ताक्षर आवश्यक रूप से कराया जाए। निर्वाचन आयोग द्वारा प्रेषित गार्ड फाइल नहीं पाये जाने पर जिलाधिकारी ने एसडीएम को कड़ी फटकार लगायी और चेताया कि आगे से इस प्रकार की अव्यवस्था नहीं मिलनी चाहिए, इस बात का ध्यान रहे।

### एथलेटिक्स प्रतियोगिता में अभिषेक, अंकित व अश्विनी रहे विजेता

**बलिया।** जिला प्रशासन एवं जिला खेल कार्यालय के तत्वावधान में खेल सप्ताह पर जूनियर बालक वर्ग की जिला एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन सिविल लाइन स्थित वीर लोरिक स्पोर्ट्स स्टेडियम में सोमवार की दोपहर एक बजे किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन क्रीड़ाधिकारी जवाहर लाल यादव व पुरस्कार वितरण सीओ सिटी एस एन वैभव पांडेय ने किया। 100 मीटर दौड़ में अभिषेक कुमार सिंह प्रथम, सुधीर पांडे द्वितीय एवम प्रमोद कुमार तृतीय स्थान पर रहे।

200 मीटर में अभिषेक सिंह प्रथम, सुधीर पांडे द्वितीय व रोहित यादव तृतीय स्थान पर रहे। 400 मीटर में अंकित यादव प्रथम, संजीत सिंह द्वितीय व तृतीय स्थान पर अनुभव यादव रहे। 800 मीटर में अश्विनी कुमार प्रथम, अनुभव यादव द्वितीय एवम प्रशांत कुमार को तृतीय स्थान मिला। निर्णायक की भूमिका अजय राज सिंह, सच्चिदानंद राय, धर्मेंद्र पांडे, बॉबी सिंह, करन कुमार, गयासुद्दीन एवम कुंदन गुप्ता ने निभाई। इस अवसर पर उपक्रीड़ा अधिकारी अजय प्रताप साहू, पवन राय, नीरज राय आदि उपस्थित रहे। संचालन मोहमद जावेद ने किया।

### सड़क हादसे में प्रधानाचार्य की मौत



**बलिया।** सोमवार की सुबह सड़क हादसे में एक प्रधानाचार्य की मौत हो गयी। इसकी सूचना मिलते ही शिक्षा जगत में शोक की लहर दौड़ गयी। मृतक प्रधानाचार्य के परिजनों का रोते-रोते बुरा हाल है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये जिला अस्पताल भेज दिया।

जानकारी के अनुसार सुखपुरा के बरगइया के बारी गांव निवासी अरविन्द उपाध्याय शिक्षा क्षेत्र बेरूआरबारी के कम्पोजिट कन्या जूनियर हाईस्कूल सुखपुरा पर प्रधानाध्यापक पद पर तैनात थे। वह सोमवार को शहर स्थित अपने आवास से बाइक द्वारा विद्यालय जा रहे थे। अभी वह जीराबस्ती के पुलिस चौकी के पास पहुंचे थे कि तेज रफ्तार स्कूल बस ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इससे बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में बाइक सवार अरविंद गम्भीर रूप से घायल हो गये। आसपास लोगों की भीड़ जुट गयी। लोगों ने तत्काल उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों न जांचोपरांत मृत घोषित कर दिया। हादसे की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

### ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ की गई जान

**बलिया।** बैरिया थाना अंतर्गत विशुनपुरा गांव के सामने सोमवार को सुबह साढ़े पांच बजे के लगभग अप सियालदाह एक्सप्रेस ट्रेन से कटकर 45 वर्षीय दिलकेश्वर सिंह पुत्र स्वर्गीय गोरखनाथ सिंह निवासी बिशुनपुरा की मौत हो गई। बताया गया कि सुबह-सुबह दिलकेश्वर सिंह की गाए खूंटा तुड़ा कर निकल गई थी। उसके पीछे-पीछे पकड़ने के लिए दिलकेश्वर सिंह चले थे, विशुनपुरा ढाला के पास गाय रेलवे लाइन पार कर रही थी, उसी समय ट्रेन भी आ रही थी। गाय को बचाने के चक्कर में दिलकेश्वर सिंह ट्रेन के चपेट में आ गए। ट्रेन ड्राइवर ने घटना की सूचना सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन पर दी। स्टेशन मास्टर ने मधुबनी पुलिस चौकी पर सूचना भिजवाई। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर बैरिया थाना ले आई और उसे पोस्टमार्टम करने के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। बिशुनपुरा के ग्रामीणों ने बताया कि दिलकेश्वर सिंह रानीगंज पोस्ट ऑफिस में अभिकर्ता का काम करते थे। गाय को बचाने के चक्कर में बेचारे की जान चली गई। घटना की सूचना पर दिलकेश्वर सिंह के परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

## पत्नी पर चलाया कुल्हाड़ी, पति फरार

**बलिया।** उभांव थाना के शाहपुर अफगां गांव में सोमवार की सुबह 11 बजे पति ने अपनी पत्नी नेहा (25) को टांगी (कुल्हाड़ी) से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया और घटना को अंजाम देने के बाद फरार हो गया। सास ने बहू को लहुलुहान देख शोर मचाया। जिससे ग्रामीणों की भीड़ लग गई। आनन फानन में उसे उपचार के लिए सीएचसी सीयर लाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। चिकित्सक कुसाग्र ने बताया कि महिला के सर में कुल्हाड़ी जैसे धारदार हथियार से गहरा चोट लगा है। जिसके सर में तीन टांके लगाए गए हैं। युवक की मां ने अपने पुत्र को मानसिक रूप से विक्षिप्त बताया है। घटना के समय नेहा घर पर नाग पंचमी की पूजा की तैयारी कर रही थी। इसी दौरान उसके पति से किसी बात को लेकर नोंक-झोंक हो गई। पत्नी से नाराज उसके पति सोनू ने घर में रखी टांगी (कुल्हाड़ी) लेकर अपनी पत्नी के सिर व



बाएं पैर पर हमला कर दिया। जिससे वह लहुलुहान हो घर में ही तड़पने लगी। सोनू की मां ने बताया कि पूजा के लिए वह आटा लाने पास में गई थी और जब वापस लौटी तो खून से सनी बहु को तड़पता देख शोर मचाया।

बताया जा रहा है कि हमलावर पति पहले खाड़ी देश में कमाने गया था और पिछले माह ही वह वापस लौटा था और अक्सर चिड़चिड़ा सा रहता था।

### करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

**बलिया।** फेफना थाना क्षेत्र के मिड्ढा गांव में सोमवार की दोपहर एक बजे बिजली के खंभे में उतरे करंट की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए जिला अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस में भेज दिया। घटना के बाद परिजनों का रोते–रोते बुरा हाल है। आपकी जानकारी के लिए बता दें बलिया में सुबह से ही रिमझिम बारिश का दौर जारी है, जिसके कारण मिड्ढा गांव में बिजली के खंभे में करंट उतर आया, तभी गांव निवासी अनुज कुमार सिंह उम्र 24 पुत्र भरत सिंह खंभे के संस्पर्श में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई।









# राजमहल क्रूज से गाजीपुर पहुंचे 16 अंतर्राष्ट्रीय सैलानी

**केटी न्यूज/ गाजीपुर**

गंगा का जलस्तर बढ़ने के साथ अंतरराष्ट्रीय सैलानियों को लेकर सोमवार को गंगा नदी में बिहार की राजधानी पटना से चलकर देश की सांस्कृतिक राजधानी काशी जाने वाला सभी आधुनिक सुविधाओं से लैस राज महल क्रूज गाजीपुर के कलेक्टर घाट पहुंचा।

गंगा नदी में सोलह अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों में ज्यादातर अमेरिकन सैलानियों को लेकर अल सुबह भोर में करीब चार बजे यह क्रूज



कलेक्टर घाट पहुंचा था। कलेक्टर घाट से सभी सोलह यात्रियों को प्राइवेट वाहनों द्वारा स्थानीय बाजार और मशहूर लॉर्ड कोनार्वालिस टॉम्ब ले जाकर घुमाया गया और गाइड द्वारा यहां का इतिहास भी बताया गया। राजमहल क्रूज में सैलानियों के साथ चल रहे बिहार राज्य पर्यटन के अधिकारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि राजमहल क्रूज 16 विदेशी सैलानियों को लेकर पटना से मनेर, बक्सर होते हुए गाजीपुर पहुंचा और सोमवार को ही गंगा के रास्ते यह क्रूज कल काशी पहुंचेगा, जहां से घूमने के बाद यह सैलानी अपने अपने देश वापस लौट जाएंगे।

## गर्भवती महिला की मौत से परिजनों में कोहराम

**चंदौली।** सकलडीहा कस्बा स्थित अम्बेडकर बस्ती की 27 वर्षीय एक गर्भवती विवाहिता की रविवार की देर रात मौत हो गयी। घटना को लेकर मायका पक्ष के लोगों ने कोतवाली में विवाहिता के प्रताड़ना और जान से मारने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दिया है। पुलिस ने पीड़ित परिवार की ओर से तहरीर लेकर गर्भवती महिला के शव को पीएम के लिये भेज दिया है।

## धूमधाम से मनाया गया नागपंचमी का पर्व

**चंदौली।** सावन महीना आते ही त्योहारों का सिलसिला शुरू हो जाता है। सोमवार को नागपंचमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। हालांकि पुरानी परंपरा पहलवानों के दांव-पेंच में संक्रमण लगा है,लेकिन गांवों के नीम के पेड़ों पर झूला पड़ा और बच्चों व सभी ने झूले का आंनद लिया। मान्यता है कि पंचमी की पूजा के संबंध धन से जुड़ा हुआ है।

वहीं, सुबह स्नान ध्यान कर लोगों ने विभिन्न मंदिरों में लावा दूध चढ़ाया और सुख समृद्धि की कामना की। सावन महीना आते ही त्योहारों का सिलसिला शुरू हो जाता है। नगर सहित ग्रामीणों क्षेत्रों मे सोमवार को नागपंचमी का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। हालांकि आधुनिक युग में पहलवानों के दांव-पेच



में संक्रमण लग गया है। इसके वाबजूद पहलवानों ने दाव पेंच आजमा तो बच्चों व लोगों ने झूले झुला। मान्यता है कि पंचमी की पूजा के संबंध धन से जुड़ा हुआ है। शास्त्रों में माना गया है कि नाग देवता गुप्त धन की रक्षा करते हैं। इस कारण नागपंचमी के दिन नागों की पूजा करने से जीवन में धन-समृद्धि का भी आगमन होता है। इस दिन व्रती को मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है।

### स्वाट और सर्विलांस टीम की तत्परता से गिरोह का हुआ भंडाफोड़

# दूसरे की जगह परीक्षा दे रहे सॉल्वर गैंग के तीन सदस्य धराए, भेजा जेल

- परीक्षा के लिए आधार कार्ड पर फेक मिक्सिंग फोटो लगाकर किया था प्रयोग

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जनपद में एक बार फिर सॉल्वर गैंग का पदार्फाश हुआ है। जिसमें सी-टेट की परीक्षा में दूसरी के स्थान पर परीक्षा दे रहे आरोपितों के साथ परीक्षा दिलवा रहे मुख्य सरगना को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामले की पुष्टि के लिए पुलिस अधीक्षक ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया था। जिसमें पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि रविवार को आयोजित हुई सी-टेट की परीक्षा में सॉल्वर गैंग एक्टिव है और अभ्यर्थी की जगह दूसरे को बैठाकर परीक्षा दिलाई जा रही है। सूचना मिलने के बाद टीम गठित की गई। जिसमें स्वाट/सर्विलांस टीम व कोतवाली सैदपुर पुलिस ने संयुक्त रूप से छापेमारी शुरू की। इस क्रम में वैज्ञानिक अनुसंधान और लोकल इनपुट के माध्यम से सीटेट की परीक्षा दिलवा रहे साल्वर गैंग के गिरोह के



सरगना सहित तीन सदस्यों को नसीरपुर तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए आरोपितों में राहुल कुमार, जमालुद्दीन खान और अनुज कुमार यादव शामिल हैं। जिसमें पास से एक बाइक, एक प्रवेश पत्र, तीन मोबाईल फोन, 2330 रुपये नगद व अन्य कागजात व फोटो बरामद किया गया। एसपी ने बताया कि ये सभी गैंग बनाकर कूट रचित दस्तावेज राहुल कुमार के आधार कार्ड पर अजय कुमार की फेक मिक्सिंग फोटो लगाकर उसे असली के रुप में प्रयोग कर रहे थे।

**जनपद के 53 केंद्रों पर संपन्न कराई गई सीटेट की परीक्षा :**बताया जाता है कि जनपद में सी-टेट की परीक्षा आयोजित कराई गई थी। जिसके लिए जनपद के विभिन्न हिस्सों में 53 परीक्षा केंद्रों पर संपन्न कराई गई थी। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने बताया कि एक दिन पूर्व सैदपुर पुलिस और स्वाट टीम को यह जानकारी मिली की सैदपुर के एक परीक्षा केंद्र पर मुन्ना भाई अजय कुमार के द्वारा राहुल कुमार की जगह पर परीक्षा दिया जा रहा है। जिसकी जानकारी पर टीम पहुंची, लेकिन उसके पूर्व ही अजय कुमार फरार हो गया। पुलिस ने अपनी सूचना के आधार पर मुन्ना भाई को परीक्षा के लिए उपलब्ध कराने वाले जमालुद्दीन खान और अनुज कुमार यादव को गिरफ्तार किया।

## छह माह में दूसरी बार सॉल्वर गैंग का खुलासा

**गाजीपुर।** बताया जाता है कि जनपद में सॉल्वर गैंग लगातार सक्रिय हैं। पिछले छह माह में विभिन्न परीक्षाओं में सॉल्वर गैंग के सदस्य पकड़े गए। रविवार को सॉल्वर गैंग के तीन सदस्य गिरफ्तार किए गए। वहीं, इससे पहले गाजीपुर में यूपी बोर्ड की परीक्षाओं के दौरान 21 फरवरी को दुल्लहपुर थाना पुलिस ने एक बड़े साल्वर गैंग के 13 सदस्यों को गिरफ्तार किया था। जबकि एक सदस्य मौके से फरार हो गया था। गिरफ्तार 13 अभियुक्तों में चार महिलाएं भी शामिल थीं। जिसमें कई स्कूलों के प्रबंधक और प्राचार्य भी गैंग में शामिल थे। गिरफ्तार अभियुक्त गाजीपुर, मऊ, महराजगंज, बलरामपुर, सिद्धार्थ नगर, बस्ती जनपद के रहने वाले थे। पूरे प्रदेश में इनका नेटवर्क फैला हुआ था। गिरफ्तारी के बाद डीएम और एसपी ने तीन शिक्षकों पर रासुका की कार्रवाई की थी। जिसके तहत अब तीन अभियुक्त सुनील सिंह, अजीत प्रताप सिंह और ओंकारनाथ सिंह के खिलाफ रासुका की कार्रवाई की जा चुकी है।

## हाईटेंशन के दो विद्युत पोल टूट कर गिरने से कई गांवों की बिजली ठप

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

रेवतीपुर ब्लाक के कसेरा पोखरा के पास बीती रात करीब नौ बजे दो हाइटेंशन विद्युत पोल के अचानक टूटकर खेत में गिरने से क्षेत्र के 33/11 केवी ढढनी एवं ताडीघाट विद्युत उपकेन्द्र से करीब 100 गावों को होने वाली आपूर्ति ठप हो गई है। विभागीय अधिकारियों के काफी प्रयास के बाद सोमवार की सुबह तेरह घंटे बाद 11 बजे विद्युत पोल की मरम्मत के बाद आपूर्ति बहाल होते ही लोगों ने काफी सुकून महसूस किया।

आपूर्ति बहाल होने के करीब दो घंटों में दर्जनों बार लाइट के ट्रिप होने का सिलसिला चलता रहा । विद्युत आपूर्ति ठप्प होने से क्षेत्र के सुहवल, ढढनी, अधियारां, माधोपुर, रमवल गरूआ मकसूदपुर, डुहियां,



पकडी, मेदिनीपुर, बवाडा, भिक्खिचौरा, डेढगावां आदि अन्य गावों में जहाँ बत्ती गुल हो गई ,वहीं इसके चलते क्षेत्र के दर्जनों सरकारी, निजी नलकूप, पानी टंकियां, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण शोपीश बनकर रह गई है। लोग उमस भरे इस मौसम में खुले आसमान के नीचे रहने को विवश थे। महकमें के अनुसार उक्त विद्युत पोल खेत में ज्यादा पानी भर जाने के चलते नीचे से मिट्टी खोखली हो जाने से अचानक दोनों पोल गिर गए।

## लखनऊ फाल्कन की ओर से बल्लेबाजी करेंगे सावन



**चंदौली।** मन में कुछ करने का जज्बा हो तो, प्रतिभाओं को उनकी मंजिल पाने से कोई रोक नहीं सकता। यही साबित किया है जिले के माटीगांव निवासी सावन सिंह ने। सावन आगामी 30 अगस्त से कानपुर के ग्रीन पार्क में शुरू हो रहे हैं उत्तर प्रदेश क्रिकेट लीग में लखनऊ फाल्कन की टीम की ओर से मध्यक्रम में दाएं हाथ से बल्लेबाजी करते हुए दिखाई पड़ेंगे। सावन की उपलब्धि से न केवल उनके घर वाले बल्कि जिले के सभी क्रिकेट प्रेमी उत्साहित हैं। कर्नल सीके नायडू के अलावा प्रदेश के अंडर 19, अंडर 23 और अंडर 25 खेल चुके सावन एक प्रतिभाशाली बल्लेबाज साबित हुए हैं। भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के मुरीद सावन का लक्ष्य आगामी वर्षों में आईपीएल में जगह बनाना है। सावन भारत की ओर से भी खेलने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

दाँत का अस्पताल
शिवम डेन्टल मल्टीस्पेशलिटी क्लिनिक
AN ISO certified Clinic 9001 : 2015
पता - पाल कॉम्पलेक्स महराजा पेट्रोल पंप के बगल में स्टेशन रोड़, डुमरांव
मोबाईल नम्बर 7992243949, 9570259286
E mail id - kundan95702@gmail.com
दंत-रोपण एवं टूटे हुए जबड़े की सफल सर्जरी
डा. हिमांशु पाण्डेय
सुप्रसिद्ध दंत चिकित्सक
शिवम डेन्टल मल्टीस्पेशलिटी क्लिनिक

कुमार अर्थोपैडिक मल्टी स्पेस्लिटी क्लिनिक
डा. बीरेन्द्र कुमार
अर्थोपैडिक सर्जन
एमबीबीएस, डी.अर्थो पीएमसीएच
एफआईएमएस ( युके )
चिकित्सा पदा. अनुमंडलीय अस्पताल, डुमरांव
हड्डी, नस, गठिया रोग विशेषज्ञ
डा रविशंकर कुमार
एमबीबीएस, एमडी स्कीन
एक्स रेजिडेंस आईजीआईएस, पटना
चर्म रोग विशेषज्ञ
चर्म रोग विशेषज्ञ
प्रत्येक गुरूवार
मोबाईलः- 9122226720
पता- सुमित्रा कॉलेज से पूरब, ढेलवानी मोड़, डुमरांव

ॐ तत्पुरुषाय विद्महे महादेवाय धीमहिं तन्नो रुद्रः प्रचोदयात्॥
सावन महीने के पावन अवसर पर सभी शिवभक्तों एवं कांवरियों को
श्री भवानी ईंट उद्योग
की तरफ से
हार्दिक शुभकामनाएं।



सत्य शिव हैं, अनंत शिव हैं
अनादि शिव हैं, ओंकार शिव हैं
शिव ही ब्रह्म, शिव ही शक्ति हैं।





प्रो. विभोर कुमार द्विवेदी
खण्डरीचा सिकरौल, बक्सर
श्री भवानी ईंट उद्योग
नावानगर-अतिमी रोड़, नावानगर बक्सर
Mob- 9570400500

Integrated Township at Bihta Patna
Yellow City
आपका निवेश हमारा साथ



सावन के पावन महीने में येलो सिटी की तरफ से पटना में जमीन खरीद की इच्छा रखने वालों के लिए सुनहरा ऑफर
बिहटा एयरपोर्ट से मात्र 4 KM
आईआईटी कैम्पस से 2 KM
ऑफर 800 रूपया प्रति स्क्वायर फीट
50 बीघा में प्लाटिंग 25 फीट का रास्ता
5 कट्ठा, 12 कट्ठा व 15 कट्ठा का ही प्लाट
60 माह की आसान किस्तों पर
25,000 हजार प्रतिमाह की किस्त
लोकेशन
अमहारा गांव
बिहटा (पटना)
बुकिंग 10 फीसदी, पोजिशन 40 फीसदी व रजिस्ट्री 100 फीसदी पर
मोबाईल नम्बर : +91 6202869902

## सीएमओ कार्यालय में हुई स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक

# जनसंख्या स्थिरता पखवाड़े में जनपद का प्रदर्शन बहुत ही सराहनीय : डॉ. नंदकुमार

**केटी न्यूज/ मऊ**

नगरी स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक का आयोजन सीएमओ कार्यालय के सभागृह में सीएमओ डा. नंदकुमार की अध्यक्षता में किया गया, सर्वप्रथम उन्होंने संबोधन करते हुए कहा की इस बार के जनसंख्या स्थिरता पखवाड़े में जिले का जो प्रदर्शन रहा है वह बहुत ही सराहनीय है।



सीएमओ डा. नंद कुमार ने बताया कि आशा के भुगतान में किसी भी तरह की कोताही ना बरतें एवं उनका भुगतान अति शीघ्र किया जाए एवं जो नया नगरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भदेसर है उसे भी अति शीघ्र शुरू किया जाए। वहां पर मेडिकल ऑफिसर और स्टॉप को बैठने के लिए निर्देशित किया गया एवं प्रत्येक नगरी स्वास्थ्य केंद्र को कहा गया कि वह जितना भी एरिया कवर करते हैं। उसका मैप बनवाकर अपने नगरी स्वास्थ्य केंद्र पर लगवाएं और जितना भी रिक्त पद है उसे भरने के लिए प्रकिय्रा तुरंत की जाय ।

डा. बीके यादव अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि निजी अस्पतालो को अधिक से अधीक जोड़ने की बात कही ताकी प्रसव पूर्व सुविधाये , संस्थागत प्रसव, परिवार नियोजन और बच्चों को नियमित टिकाकरण की रिपोर्ट प्राप्त होवे ताकी भारत सरकार के पोर्टल हेल्थ मैनेजमेट एंड इनफॉरमेशन सिस्टम एचएमआई एस पर डाटा अकित कि जा सके और कहा की शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर हर माह परिवार नियोजन कार्यक्रम की भी समीक्षा बैठक अवश्य करें साथ ही नियत अंतराल दिवस खुशहाल परिवार दिवस का आयोजन जरूर करें ।

पीएसआई इंडिया के केवल सिंह सिसोदिया ने अपने प्रेजेंटेशन में जनसंख्या स्थिरता पखवाड़े में नगरी क्षेत्र में जो कार्यकर्म आयोजित किये गए उसकी जानकारी से सभी को अवगत कराया साथ ही आने वाले समय में पीएसआई इंडिया केमिस्टों के साथ मिलकर परिवार नियोजन के साधनों के रिर्पोटिंग सिस्टम पर भी कार्य करने जा रही है उसके बारे में भी जानकारी भी दी।

इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी यूसुफ शाह, यू-पीएचसी के प्रभारी चिकित्सालय अधिकारिय डा. जावेद अख्तर, डा. अभिषेक राय, डा. मो. फैजान तरफदार, डा.हरिश्चन्द्र जायसवाल, मो. शरीफ झ जिला परिवार नियोजन विशेषज्ञ, बबलू कुमार, यूनिसेफ से रजिया ,मोहम्मद सलीम, डब्ल्यूएचओ से चंद्रभान भी उपस्थित रहे ।

## कुलदीप सिंह के पैतृक गांव में निकाला गया कैंडल मार्च

**केटी न्यूज/ मऊ**

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बाबू कुलदीप सिंह के पैतृक निवास अइलख में एक शानदार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गाँव के सैकड़ों लोग की मौजूदगी में एक कैंडल मार्च निकाला गया, हाथों में तिरंगा व मोमबत्तियाँ, जुबां पर भारत माता की जय, बलिया बलिदान दिवस अमर रहे व स्व0 कुलदीप सिंह अमर रहे के नारे तथा हृदय में देश भक्ति का भाव मानो आज ही देश आजाद हुआ हो, प्रदर्शित कर रहा था। यह जुलुस अइलख चट्टी से प्राथमिक विद्यालय स्थित शहीद पट्ट तक पहुंचा।



जहाँ लोग इस कार्यक्रम का हिस्सा बनकर स्वयं अपने आप को गौरवान्वित कर रहे थे। गाँव की मिट्टी के अपने वीर सेनानी को याद करके प्रफ्फुलित भी हो रहे थे,। बाद में यह कारवाँ बाबू कुलदीप सिंह जी के पैतृक आवास पहुँच कर श्रद्धांजलि सभा में परिवर्तित हो गया। बाबू कुलदीप सिंह 1942 की क्रांति के एक जांबाज सिपाही थे, जिन्होंने चित्तू पाण्डेय के साथ बलिया की क्रांति का प्रतिनिधित्व किया ।तथा कई वर्षो तक भूमिगत रहे। बाद में गिरफ्तार होने पर अंग्रेजी हुकूमत ने उन्हें जेल में डाल दिया। राष्ट्रीय उद्घोषक व युवा समाजसेवी अरविन्द कुशवाहा ने बाबू कुलदीप सिंह के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनकी वीर गाथा को प्रस्तुत किया।, कार्यक्रम में मुख्य रूप से बाबू कुलदीप सिंह जी के पौत्र, भूत पूर्व प्रधान अवधेश कुमार सिंह, ज्ञानशंकर मिश्र, गुलाब चंद गुप्ता, पूर्व प्रधान अवध बिहारी बर्मा, क्षेत्र पंचायत सदस्य दिवस्पति दक्ष, राजकुमार सिंह, अजय कुमार सिंह, अनिल कुमार वर्मा, राम बहादुर सिंह, अरविन्द कुमार, मुन्ना राम, हृदय शंकर सिंह, आकाश सिंह सहित सैकड़ो लोगों ने श्रद्धांजलि दी।

## शिवम को कराटे में मिला ऑफिशियल पुरस्कार

**मऊ।** चंद्रा पब्लिक स्कूल पुरानी तहसील चक मेहंदी पाल, मऊ के हाईस्कूल के विद्यार्थी शिवम गुप्ता को कराटे में ऑफिशियल क्वालीफाई करने पर पुरस्कृत किया गया है। इसके लिए उसे स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। टी एस के बी ओपन डिस्ट्रिक्ट कराटे चैंपियन शिप ने उसे यह खिताब प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि 27 अगस्त को चंद्रा पब्लिक स्कूल में भी कराटे का फर्स्ट इंटर डिस्ट्रिक्ट ओपन कराटे चैंपियनशिप का आयोजन किया गया है। जिसमें वह विद्यालय के तरफ से भाग लेगा। इसमें विजेता खिलाड़ी को 2100/1100/700 रुपए क्रमशः प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले को संस्था के तरफ से प्रदान किया जाएगा। शिवम गुप्ता को ऑफिशियल क्वालीफाई करने पर पुरस्कृत किए जाने पर अनेक लोगों ने उसे बधाई दी है।








